प्रादेशिक समाचार
14.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिरिडीह के पेशम गांव में एनडीए के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित, कहा– मजबूत सरकार से ही देश का होगा भला।
2. प्रदेश कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर दी प्रतिक्रिया– झारखंड के लिए किये वादों को पूरा नहीं करने का लगाया आरोप।
3. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए झारखंड की तीन संसदीय सीटों पर आज कुल 32 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, सभी प्रपत्रों की कल होगी जांच।
4. राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के संचालन के समय में हुआ संशोधन, सुबह सात बजे से शुरू होंगी कक्षाएं।
5. मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंड में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि का दिया संकेत, कल बारह जिलों में हल्की बारिश की भी संभावना।

******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गिरिडीह में जनसभा को संबोधित किया। वे गिरिडीह लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और कोडरमा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड के मेरे परिवारजनों को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। वंचितों को वरियता देना ही मोदी का मंत्र है। उन्होंने कहा कि देश के गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा और कहा कि ये केंद्र में हमारी सरकार के कार्यों को देखते हुए बौखलाए हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस जिले से खनिज संपदा निकलेगा उसके विकास के लिए एक निश्चित राशि खर्च की जायेगी। उन्होंने भारत को परिवारवाद, भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का संकल्प दोहराया। श्री मोदी ने कहा कि झारखंड में शाही परिवार के इशारे पर भ्रष्टचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत सरकार से ही देश का भला होगा।

******************

प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी सभा में मुद्दों पर बात नहीं की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कई वादे किये थे लेकिन उसे अबतक पूरा नहीं किया।

******************

लोकसभा चुनाव के चुनाव प्रचार अभियान में राजद के प्रदेश संयोजक गौतम सागर राणा चतरा पहुंचे। गौतम सागर ने चतरा के हंटरगंज में कल राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि चतरा सीट पर महा गठबंधन पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रहा है। तेजस्वी यादव की सभा के बाद जिले का चुनावी समीकरण बदलेगा।

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के नांमांकन के आज अंतिम दिन झारखंड की तीन संसदीय सीटों पर कुल 32 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। दुमका निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज 12 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। इस संसदीय सीट पर अब 22 प्रत्याशी हो गये हैं। वहीं गोड्डा सीट से 13 लोगों ने आज नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर पर्चा दाखिल करने वाले प्रत्याशियों की संख्या अब 29 हो गयी है। वहीं राजमहल सीट से आज 7 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। इस प्रकार इस सीट पर अब कुल 17 प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। कल सभी नामांकन पत्रों की जांच होगी और सत्रह मई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होगा।

******************

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए झारखंड की तीन लोकसभा सीटों चतरा, कोडरमा एवं हजारीबाग के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान कराया गया। चतरा संसदीय क्षेत्र के लिए 14, कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लिए 23 और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए 22 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए चार मतदाताओं ने वोट किया।

******************

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आज बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकता की और अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

******************

खूँटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होने के बाद ईवीएम व वीवीपैट को खूँटी लाया गया। खूँटी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के नेतृत्व में सभी राजनीतिक दलों के सामने बिरसा महाविद्यालय परिसर के वज्रगृह में मतदान सामग्री को सीलबंद कर दिया गया। वज्रगृह के बाहर सीआरपीएफ और पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा लगायी गयी है।

******************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य में संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों के संचालन में पूर्व के आदेश में संशोधन किया है। जारी नये आदेश के अनुसार कक्षा केजी से आठ तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक और नौंवी कक्षा से सुबह सात बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक संचालित की जायेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस संबंध में राज्य सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल के आदेश से सूचना जारी की गई है। ग्रीष्मावकाश के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी।

******************

झारखंड हाई कोर्ट ने नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में आरोपी कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को आज जमानत दे दी। इस मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को जमानत दे दी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आठ अक्टूबर, 2023 को रंजीत कोहली को उम्रकैद, उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा और मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी।

******************

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान श्री सहगल ने समाचार सेवा प्रभाग, कार्यक्रम और इंजीनियरिंग अनुभाग के अधिकारियों के साथ आकाशवाणी की कार्यप्रणाली और चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार करने के लिए सुधार की जरूरत है। श्री सहगल ने आकाशवाणी को अधिक प्रभावी, लचीला संगठन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डिजिटल माध्यम से श्रोताओं तक और अधिक पहुंच बनाने को भी कहा।

******************

जमशेदपुर में कदमा स्थित प्रकृति विहार कॉलोनी में री–साइकिल प्रक्रिया के जरिए कचरों का निबटान किया जा रहा है।

******************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की पूछताछ अब भी जारी है। इससे पहले ईडी ने छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस रहे संजीव लाल सहित कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में ईडी ने संजीव लाल के घरेलू नौकर जहांगीर आलम के हरमू रोड स्थित फ्लैट से लगभग 35 करोड़ जब्त किए थे।

******************

मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंड में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि का संकेत दिया है। तापमान बढ़ने से लोगों को एक बार फिर गर्मी का एहसास होने लगेगा। इसके अलावा मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले चौबीस घंटों में गढ़वा, चतरा, पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज में हल्की बारिश की भी संभावना जतायी है।

********समाप्त*******